Moneywise. Be wise.

दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (मेटल एवं एनर्जी) 16 मार्च 2018

अतंराष्ट्रीय बाजार

COMEX/NYMEX/ICE (कीमती धातुएं एवं एनर्जी)

कमोडिटी	कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव
चांदी	मई	29 मई 2018	16.42
सोना	अप्रैल	26 अप्रैल 2018	1317.80
कच्चा तेल	अप्रैल	20 मार्च 2018	61.19
ब्रेंट कच्चा तेल	मई	29 मार्च 2018	65.12
नेचुरल गैस	अप्रैल	27 मार्च 2018	2.68

15.03.2018 के अनुसार बंद भाव

करेंसी / कमोडिटी इंडेक्स

करेंसी	वर्तमान भाव
अमेरिकी डॉलर/भारतीय रूपया'	64.98
डॉलर इंडेक्स	90.13
यूरो/अमेरिकी डॉलर	1.2304
सीआरबी इंडेक्स	198.21

*15.03.2018 के अनुसार बंद भाव

LME (बेस मेटल्स) (डॉलर/टन)

कमोडिटी		बंद भाव
तांबा	नकद	6885.50
एल्युमिनियम	नकद	2062.50
जिंक	नकद	3233.00
लेड	नकद	2395.00
निकल	नकद	13685.00

15.03.2018 के अनुसार बंद भाव

SHFE (बेस मेटल्स) (युवॉन/टन)

कमोडिटी	माह	बंद भाव
तांबा	अप्रैल	52070.00
एल्युमिनियम	अप्रैल	13885.00
जिंक	अप्रैल	24880.00
लेड	अप्रैल	18690.00

15.03.2018 के अनुसार बंद भाव

घरेलू बाजार

MCX (कीमती धातुएं एवं एनर्जी)

कमोडिटी	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
चांदी	04-05-18	38587.00	साइडवेज	06.03.18	39281.00	-
सोना	05-04-18	30299.00	साइडवेज	27.02.18	30295.00	
कच्चा तेल	19-03-18	3984.00	मंदी	08.03.18	3943.00	4100.00
नेचुरल गैस	26-03-18	173.90	तेजी	07.03.18	181.30	172.00

15.03.2018 के अनुसार बंद भाव

MCX (बेस मेटल)

कमोडिटी	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
तांबा	30-04-18	450.95	साइडवेज	08.03.18	445.30	-
एल्युमिनियम	30-03-18	134.80	मंदी	15.03.18	134.80	142.00
जिंक	30-03-18	209.90	मंदी	05.03.18	215.75	**215.00**
लेड	30-03-18	156.85	मंदी	07.03.18	154.60	160.00
निकल	30-03-18	884.50	तेजी	14.02.18	894.30	860.00

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

15.03.2018 के अनुसार बंद भाव

सर्राफा आउटलुक

फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना से डॉलर में रिकवरी के कारण सर्राफा की कीमतों के गिरावट के साथ खुलने की संभावना है । एमसीएक्स में सोने की कीमतें 30200 रू तक गिरावट दर्ज कर सकती है जबकि चांदी की कीमतों को 38400 रू पर सपोर्ट रह सकता है। अमेरिकी ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना से पहले यूके और रूस के बीच नये तनाव के कारण आज सोने की कीमतों में तेजी का रूझान है। फेडरल रिजर्व की बैठक 20 और 21 मार्च को होने वाली है जिसमें अमेरिकी ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना है। सोने की कीमतें अमेरिकी ब्याज दरों में बढ़ोतरी के प्रति काफी संवेदनशील होती है। हाल ही में दो अमेरिकी अधिकारियों रेक्स टिलरसन और गैरी कॉन की बर्खास्तगी के बाद ट्रंप प्रशासन को लेकर निवेशक चिंतित हैं।

बेस मेटल आउटलुक

बेस मेटल की कीमतों के गिरावट के साथ खुलने की संभावना है । डॉलर इंडेक्स के मजबूत होने और अमेरिकी हाउसिंग स्टॉर्ट एवं बिल्डिंग परमिट्स के आंकड़ों के अनुमान से कमजोर रहने की संभावना से कीमतों पर दबाव रह सकता है। लेकिन अमेरिकी औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों के अनुमान से बेहतर रहने की संभावना से निचले स्तर पर शॉर्ट कवरिंग से इंकार नही किया जा सकता है। तांबें की कीमतों को 448-450 के स्तर पर सपोर्ट रह सकता है और जिंक की कीमतों को 209 के स्तर पर सपोर्ट रह सकता है। फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना से डॉलर के मजबूत होने के कारण शुक्रवार को तांबें की कीमतों में गिरावट हुई है। एल्युमीनियम की कीमतों में 132 रू तक गिरावट हो सकती है। अमेरिकी इंटरनेशनल ट्रेड कमीशन ने कहा है कि चीन से एल्युमीनियम उत्पादों के आयात से अमेरिकी उत्पादकों के हितों को नुकसान हो रहा है। लेकिन अमेरिकी वाणिज्य मंत्री और यूरोपीय व्यापार आयुक्त ट्रेड टैरिफ को लेकर विवादों के समाधान के लिए बातचीत करने पर सहमत हो गए हैं।

एनर्जी आउटलुक

कच्चे तेल की कीमतों में रिकवरी दर्ज की जा सकती है और एमसीएक्स में कीमतें 4030 रू के स्तर पर पहुंच सकती है। आईईए के अनुसार इस वर्ष विश्व स्तर पर तेल की बेहतर मांग के अनुमान के कारण आज तेल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है, लेकिन चेतावनी भी दी है कि सप्लाई में तेजी से बढ़ रही है। आईईए इस वर्ष विश्व स्तर पर तेल की मांग के अनुमान को 2017 के 97.8 मिलियन बैरल/दिन से बढ़कर 99.3 मिलियन बैरल/दिन कर दिया है। औद्योगिक ओईसीडी देशों में जनवरी में तेल का भंडार सात महीने में पहली बार बढ़ा है। केवल वेन्ज्वेला में आर्थिक संकट के कारण तेल का उत्पादन 50% कम होकर दो वर्षो के निचले स्तर पर पहुंच गया है। नेचुरल गैस वायदा की कीमतों में गिरावट जारी रह सकती है और अनुमान से कम भंडार के कीमतें 172 रू के स्तर पर पहुंच सकती है । अगले हफ्ते अनुमान से कम ठंड के कारण मांग में कमी की संभावना से कल अमेरिकी नेचुरल गैस वायदा की कीमतों में दो हफ्ते के निचले स्तर पर गिरावट हुई है। अमेरिकी ऊर्जा विभाग के अनुसार 9 मार्च को समाप्त हफ्ते में गैस भंडार में 93 बिलियन क्यूबिक फीट की गिरावट हुई है।

प्रमुख आर्थिक आंकड़ें

भारतीय समयानुसार	आर्थिक आंकड़ें	महत्व	संभावित	पिछला	प्रभावित कमोडिटी	प्रभाव
18:00	अमेरिकी बिल्डिंग परमिट्स(फरवरी)	मध्यम	1.320M	1.377M	मेटल एवं एनर्जी	प्रतिकूल
18:00	अमेरिकी हाउसिंग स्टॉर्ट(फरवरी)	मध्यम	1.290M	1.326M	मेटल एवं एनर्जी	प्रतिकूल
18:45	अमेरिकी औद्योगिक उत्पादन(फरवरी)	मध्यम	0.30%	-0.10%	मेटल एवं एनर्जी	अनुकूल
19:30	अमेरिकी मिशिगन कंज्यूमर सेंटीमेंट(मार्च)	मध्यम	99.3	99.7	मेटल एवं एनर्जी	प्रतिकूल

वंदना भारती	एवीपी कमोडिटी रिसर्च	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 625	**vandanabharti@smcindiaonline.com**
संदीप जून	सीनियर रिसर्च एनॉलिस्ट	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 683	**sandeepjoon@smcindiaonline.com**
शिवानन्द उपाध्याय	रिसर्च एसोसिएट	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 646	**shivanand@smcindiaonline.com**

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Moneywise. Be wise.

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western
Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon
(East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेवी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होंने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।